सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-8	विषय: भारत की खोज	पाठ:1

भारत की खोज

पाठ- 1

उत्तर 1 नेहरू जी को अहमदनगर किले की जेल में रखा गया था।

उत्तर 2 अंग्रेजों के शासनकाल में जवाहरलाल नेहरू की यह नौवीं जेल यात्रा थी । वह वहाँ शाम के समय पहुँचे तो आकाश में चमकते चंद्रमा ने उनका स्वागत किया ।जब-जब शुक्ल पक्ष का चंद्रमा निकलता हुआ दिखाई देता तब -तब वह बंदी गृह में एक माह कम होने का अनुमान लगाते थे । उनकी जेल यात्रा में चंद्रमा ही उनका साथी बना रहा।

उत्तर 3 साहसी चाँद बीबी ने अहमदनगर किले की रक्षा के लिए अकबर की सेना के विरुद्ध संघर्ष किया था।

उत्तर 4 अतीत के दबाव से यह आशय है कि प्राचीन सभ्यताओं का जिनका विकास हजारों साल में हुआ उन्हें ज्यों का त्यों हासिल करना एक कठिन कार्य है।

उत्तर 5 हम भारतवासियों की विरासत की विशेष बात यह है कि हम सभी सदैव एक साथ मिल-जुल कर रहते हैं कोई भी व्यक्ति औरों से एकदम अलग नहीं होता।

उत्तर 6 खुदाई कार्य को करने में जवाहरलाल नेहरू को बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा । जैसे जेल अधिकारियों की मंजूरी न मिलाना , साधनों का पूर्ण प्रबंध न होना आदि । इन मुसीबत के कारण उन्हें खुदाई के औजारों को छोड़ देना पड़ा और किले का इतिहास लिखने के लिए कलम उठानी पड़ी।